>

Title : Need to stop eviction of families residing for years in the quarters of Bhuli Shramik Nagar in Dhanbad, Jharkhand.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद): भारत सरकार के श्रम एवं कल्याण विभाग द्वारा झारखंड के धनबाद जिला में भूली श्रमिक नगरी साठ के दशक में बनायी गयी थी, जिसमें खदान कर्मचारियों के अलावा अन्य व्यवसाय एवं एवं नौकरी करने वाले निजी क्षेतृ के व्यक्तियों को भी भाड़े पर क्वार्टर दिया गया था। लकिन कोलियरी राष्ट्रीयकरण के बाद भूली श्रमिक नगरी का रखरखाव भारत कोकिंग कोल लि0 कर रही है जो आज निजी क्वार्टर धारियों से क्वार्टर खाली कराने का प्र्यास कर रही है।

अतः सरकार से आग्रह करता हूँ कि निजी क्वार्टर धरियों से नियमित भाड़ा लिया जाए या लीज पर उन्हें आवंटित किया जाए।